एनएलसी इंडिया लिमिटेड, नेयवेली

(पूर्व में नेयवेली लिग्नाइट कार्पोरेशन लिमिटेड)

(भारत सरकार का 'नवरत्न' उद्‍यम)

स्वतंत्रता दिवस – 2018

अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक का भाषण

****

मेरे प्रिय साथी निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके पारिवारिक सदस्य, संविदा, इंडकोसर्व और हाउसिकोस के कामगार और उनके पारिवारिक सदस्य, मान्यताप्राप्त ट्रेड यूनियन – सी.आई.टी.यू. के प्रतिनिधियों, एनएलसी कामगार प्रगतिशील यूनियन, इंजीनियरों, पर्यवेक्षकों और अधिकारियों (जीईए, ईए, एनजीईए और ओए) का प्रतिनिधित्व करने वाले संघों के प्रतिनिधियों, एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ, एसटी कर्मचारी कल्याण संघ, ओबीसी कल्याण संघ, सीआईएसएफ के अधिकारियों एवं विभिन्न कैडरों के कार्मिकों, शैक्षिक संस्थानों के प्रमुखों, शैक्षिक संस्थानों के अध्यापक एवं स्टाफ, स्कूल और कॉलेज के मेरे प्रिय छात्रों, प्रेस एवं मीडिया के प्रतिनिधियों, विशिष्ठ अतिथियों, वरिष्ठ नागरिकों, देवियों और सज्जनों एवं प्यारे बच्चों,

वणक्कम - आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

हमारे महान राष्ट्र के 72 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के इस शुभ अवसर पर आप सभी के साथ शामिल होने में मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। वास्तव में, इस महत्वपूर्ण कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण करने के बाद, एनएलसीआईएल परिवार और जनता के लिए यह मेरा पहला भाषण है। इस अवसर पर मैं हमारी 62 वर्ष पुरानी कंपनी के निदेशकों एवं सीएमडिओं के सहित सभी पूर्व कर्मचारियों को उनके द्‍वारा दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए स्मरण करता हूँ। उनके अथक प्रयासों के द्‍वारा ही हमारी कंपनी आज की इस वर्तमान स्थिति तक वृद्धि हुई है।

हमारे राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हुए हमारे तिरंगे को ऊँचाई पर हवा में लहराते हुए देखकर आज का दिन हर एक भारतीय के हृदय में अत्यंत खुशी और अत्यधिक गर्व की भावना पैदा करती है।

इस अवसर पर, हम अपने राष्ट्रपिता, महात्मा गांधीजी और अन्य राष्ट्रीय नेताओं के साथ सभी स्वतंत्रता सेनानियों के पीड़ाओं, संघर्षों और बलिदानों को याद करेंगे।

'मेक इन इंडिया' पहल भारत को रचना, नवरचना और निर्माण के केंद्र के रूप में बदल रही है। 'स्वच्छ भारत अभियान' भारत को एक स्वच्छ और 'खुली शौचालय मुक्त' राष्ट्र बनाने पर केंद्रित है। जबकि 'कौशल भारत पहल' का लक्ष्य भारतीय कार्य बल को भारत के आर्थिक विकास की दिशा में काफी हद तक योगदान प्रदान करने हेतु सक्षम बनाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करते हुए 'स्टार्टअप इंडिया इनिशिएटिव' के माध्यम से भारत को नौकरी खोजने वाला देश के बजाय नौकरी निर्माता बनाने का मार्ग प्रशस्त करना है। 'सभी के लिए 24x7 - बिजली' का उद्देश्य 2019 तक देश भर में '24x7 - बिजली आपूर्ति प्रदान करना है।

हम, एनएलसीआईएल में, राष्ट्र के विकास में तेजी लाते हुए सामाजिक प्रतिक्रिया के साथ अग्रणी खनन और विद्‌युत उत्पादन कंपनी बनने के लिए खुद का एक शानदार विजन के साथ काम करते हैं। इस विजन को समझने के लिए, हमने लिग्नाइट, कोयला और नवीनीकरण ऊर्जा संविभाग के मिश्रण के साथ 2025 तक खनन में हमारी क्षमता को 93.15 एमटीपीए तक और बिजली उत्पादन को 21011 मेगावाट तक बढ़ाने की एक महत्वाकांक्षी निगमित योजना बनाई है।

मैं वर्ष 2017-18 के दौरान हमारी कंपनी के निष्पादन के बारे में आपके साथ साझा करने का अवसर लेता हूँ।

- ❖ नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में पहले से ही उपलब्ध 55 मेगावाट की क्षमता में 236 मेगावाट क्षमता को जोड़ा गया।
- ❖ सभी खानों से 251.53 एलटी (लाख टन) लिग्नाइट का उत्पादन किया गया था और कुल विद्‌युत उत्पादन 20740.84 एमयू (मिलियन यूनिट) था।

हमारे राजस्व में वृद्धि करने की एक नई व्यावसायिक पहल के हिस्से के रूप में, एनएलसीआईएल ने वर्ष 2016 में एनटीपीसी विद्‌युत व्यापार निगम लिमिटेड के माध्यम से अनापेक्षित अधिशेष विद्‌युत (यूआरएस पावर) के व्यापार में प्रवेश करने के द्‌वारा वर्ष 2016-17 में रु.134 करोड़ और वर्ष 2017-18 में रु.294 करोड़ अर्जित किया। अब एनएलसीआईएल ने केन्द्रीय विद्‌युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) से प्राप्त श्रेणी-I लाइसेंस के साथ देश में मान्यता प्राप्त एक स्वतंत्र पावर ट्रेडर के रूप में पावर ट्रेडिंग बाजार में भी अपना कदम रखा।

एनएलसीआईएल विद्युत बाजार में द्विपक्षीय रूप से अन्य विद्युत उत्पादन कंपनियों से अपनी यूआरएस विद्युत व्यापार के साथ-साथ विद्युत खरीद और व्यापार कर सकता है। लागत के अनुकूलन के परिणामस्वरूप ऊर्जा शुल्क दर (ईसीआर) को कम करने के कारण हमारे पावर स्टेशनों की मेरिट ऑर्डर रेटिंग में सुधार हुआ है।

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, बिक्री टर्न ओवर रु.8496.20 करोड़ थी और कर पूर्व लाभ (पीबीटी) और कर पश्चात लाभ (पीएटी) क्रमशः रु. 2,689.70 करोड़ और रु.1,848.78 करोड़ थी। हमारी कंपनी ने वर्ष 2017-18 में ईबीआईटीडीए (ब्याज, कर, मूल्यह्रास और ऋणमुक्ति पूर्व अर्जन) में 23.3% की वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2017-18 के दौरान कंपनी का ईबीआईटीडीए वर्ष 2016-17 के रु.3,006.13 करोड़ की तुलना में रु 3,706.79 करोड़ थी।

हमारी महत्वाकांक्षी कॉर्पोरेट योजना के अनुसार, निम्नलिखित परियोजनाओं हेतु लक्ष्य रखा जा रहा है:

(i) नेयवेली में प्रत्येक 500 मेगावाट नेयवेली नवीन ताप विद्युत परियोजना के दो यूनिट पूरा होने के उन्नत चरण में हैं।

(ii) हमारी संयुक्त उद्यम कंपनी – नेयवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड (एनयूपीपीएल) की प्रत्येक 660 मेगावाट कोयला आधारित घाटमपुर ताप विद्युत परियोजना (जीटीपीपी) के तीन यूनिटों की प्रगति अच्छी है। परियोजना की वित्तीय पूर्णता भी हासिल की गयी है।

(iii) ओडिशा में तालबिरा कोयला खान परियोजना में गति आई है क्योंकि हमें एमडीओ (खान विकासक और परिचालक) संविदा प्रदान की गयी है तथा झारखंड के पछवाड़ा कोयला खान परियोजना भी प्रगति पर है। विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) ने तालबिरा खान परियोजना के लिए पर्यावरण अनुमति जारी करने हेतु सिफारिश की। 3x800 मेगावाट (चरण-I) तालबिरा ताप विद्युत संयंत्र के एसजी एवं टीजी पैकेजों के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति जारी की गई। इन दोनों राज्यों में परियोजना गतिविधियाँ शुरू होने के साथ, एनएलसीआईएल की अखिल भारतीय उपस्थिति और मजबूत हुई है।

(iv) टीपीएस-II-2वीं विस्तार परियोजना भी शुरू की गई तथा निविदा गतिविधियाँ प्रगति पर है।

हमने सौर ऊर्जा मोर्चा पर भी महत्वपूर्ण प्रगति प्राप्त की है। नेयवेली में 140 मेगावाट सौर विद्युत परियोजना (एसपीपी) और तिरुनेलवेली जिला में 51 मेगावाट पवन फार्म के अलावा, हमने वर्तमान में 300 मेगावाट तक की क्षमता को जोड़ा है जिसे हमारे माननीय केंद्रीय कोयला मंत्री श्री पियूष गोयल के द्वारा 14.06.2018 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था। इसके अलावा, टैंजेडकों हेतु

तमिलनाडू में दक्षिणी जिलों के विभिन्न स्थानों में 909 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता कार्यान्वयन के अधीन है।

हमारे माननीय केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री श्री हरिभाई पार्थिभाई चौधरी ने डॉ. इंद्र जीत सिंह, आईएएस, सचिव, कोयला मंत्रालय के साथ 5 और 6 जुलाई 2018 को नेयवेली में आयोजित परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक दौरान एनएलसीआईएल का दौरा किया।

यह आपके साथ साझा करने में बहुत खुशी हो रही है कि हमें कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

1. राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुदुच्चेरी की "राजभाषा पुरस्कार।"
2. एनएलसीआईएल द्वारा प्राप्त की गई वृद्धि की मान्यता में एवं समाज के सामाजिक आर्थिक विकास में एक अहम भूमिका निभाने के लिए हेराल्ड ग्लोबल और बीएआरसी एशिया द्वारा स्थापित " ब्रांड ऑफ द डिकेड पुरस्कार"।
3. निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व में एनएलसीआईएल के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एपेक्स इंडिया सीएसआर" उत्कृष्टता पुरस्कार 2017"।
4. नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की सफलता और उत्कृष्टता की मान्यता में प्राइस वाटर हाउस कूपर द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के आधार पर हिंदुस्तान टाइम्स द्वारा स्थापित 'तेज़ी से विकासशील पीएसयू पुरस्कार'।
5. विद्युत उत्पादन श्रेणी में एनएलसीआईएल के उत्कृष्ट वृद्धि निष्पादन हेतु डन एवं ब्राडस्ट्रीट द्वारा संस्थापित 'डन एवं ब्राडस्ट्रीट पीएसयू पुरस्कार 2018'।

मुझे यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि हमारी कंपनी नेयवेली, तूत्तुकुडी, बरसिंहसर, घाटमपुर और तालबिरा में हमारे परिचालन क्षेत्रों के आसपास के गांवों में संधारणीय एवं समावेशी विकास पहल जैसे कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक बुनियादी ढांचे के विकास, स्वच्छता सुविधाओं, पेयजल, सिंचाई आदि को बढ़ावा देने के साथ निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करने में अधिक ध्यान दे रही है। वर्ष 2017-18 के लिए, विभिन्न योजनाओं में सीएसआर गतिविधियों के लिए किया गया व्यय 43.59 करोड़ रुपये थे। यहाँ हर किसी के दिल को छूने वाली एक और बृहत परियोजना आनंद इल्लम है, जो वृद्धों का एक आश्रम है जहाँ जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिक सम्मान से रह रहे हैं और इस घर का समर्थन सभी कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। नेयवेली टाउनशिप में समाज के बृहत हित के लिए पर्यावरण अनुकूल आधुनिक गैस श्मशानघाट (शांतिवनम) का स्थापना किया गया है।

पिछले वर्षों की तरह, इस वर्ष भी हमारे छात्र समुदाय की सफलता पाठ्यक्रम और पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भी अविश्वसनीय रहा है। मैं उन सभी छात्रों को बधाई देता हूं, जिन्होंने नेयवेली को अत्यंत गौरव प्रतिष्ठा लाया है।
मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि

- सेंट जोसफ क्लूनी स्कूल के सुश्री एल.ज्योत्स्ना ने राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 14 साल से कम उम्र की लड़कियों की श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता।

- केन्द्रीय विद्यालय, नेयवेली के सुश्री एम. बी. नेहा और सुश्री के. एम. श्रीजा ने केंद्रीय विद्यालय राष्ट्रीय शतरंज चैम्पियनशिप में 17 साल से कम उम्र की श्रेणी में और 14 साल से कम उम्र की श्रेणी में क्रमश: स्वर्ण पदक और रजत पदक जीता।

- केंद्रीय विद्यालय राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप में केन्द्रीय विद्यालय, नेयवेली के सुश्री वी. जोति ने एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीता और श्री जॉशुआ फ्रैंक ने कांस्य पदक जीता।

- मैं केन्द्रीय विद्यालय, नेयवेली के सुश्री वी. रंजनी को बधाई देता हूँ, जिन्हें सांस्कृतिक मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र से भारतनाट्यम के लिए छात्रवृत्ति पुरस्कार के लिए चुना गया।

इसके अलावा, मैं आज के उत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी बच्चों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

मैं अपने अनुभवी खेल-कूद व्यक्तियों की टीम श्री एम. मुरलीधरन, श्री जेड. मोहम्मद उजैर, श्रीमती जेम्मा जोसेफ, श्रीमती एस. दीपा, श्रीमती लाली जोसेफ, श्रीमती टेस्सी जोसेफ और श्रीमती वी. जे. शांति मोल को नेशनल मास्टर एथलेटिक चैम्पियनशिप में आठ स्वर्ण, चार रजत और दो कास्य पदक जीतने के लिए बधाई देता हूँ।

नेयवेली, टूटिकोरिन और बरसिंहसर में हमारे टाउनशिप के स्वच्छता अभियान में एक साथ जुड़कर किए गए श्रम दान में अद्भुत योगदान देने के लिए इस अवसर पर सभी को बधाई देते हुए मुझे खुश हो रही है।

इस अवसर पर, मैं याद दिलाना चाहता हूँ कि हम विकास के पथ पर हैं और हमारी कंपनी ने पहले ही अपनी पैन इंडिया प्रजेन्स दर्ज कर ली है। जब हम आगे बढ़ते हैं, तो हमें कई चुनौतियों का

सामना करना पड़ेगा जो किसी भी विकासरत कंपनी के लिए अनिवार्य हैं। विकास की मजबूत नींव पहले ही रखी जा चुकी है। पिछले कई वर्षों से प्राप्त अद्वितीय कौशल और अनुभव के साथ पेशेवरो व्यक्तियों और कार्यबल की एक समर्पित टीम, आज हमारी कंपनी के विकास के लिए प्रयासरत है। मुझे विश्वास है कि वे इस संगठन को और भी ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। हमें अपनी दृढ़ता, प्रतिस्पर्धात्मकता में अटल विश्वास के साथ अधिक साहस और दृढ़ संकल्प के साथ सफलता की यात्रा को आगे बढ़ाना होगा और इस कंपनी की उत्कृष्टता को उच्च क्षितिज तक ले जाने के लिए उत्साह और जुनून के साथ हरेक विपत्ति का सामना करने के लिए जोशीला रहना होगा।

मैं स्वामी विवेकानंद को उद्धृत करना चाहता हूँ।

> 'कभी नहीं कहो, कभी नहीं कहो, मैं नहीं कर सकता, क्योंकि आप अनंत हैं।
> सारी शक्ति आपके भीतर है। आप कुछ भी कर सकते हैं।'

इच्छा से कुछ भी नहीं बदलता है : निर्णय से कुछ बदलता है: दृढ़ संकल्प से सब कुछ बदलता है।

(तिरुक्कुरल)
आक्कम अदरविनै चेल्लुम असैविला
ऊक्क मुडैया नुळै।

अर्थ

अविश्वसनीय दृढ़ता और दृढ़ संकल्प व्यक्ति के पीछे, सौभाग्य और प्रगति अविभाज्य मित्रों की तरह होते हैं।

मैं चाहता हूँ कि सभी कर्मचारियों को उत्साह, ऊर्जा, दक्षता, वचनबद्धता, समर्पण, कड़ी मेहनत के साथ सशक्त होना चाहिए और हमारे संगठन को शीघ्र ही महारत्न की स्थिति तक पहुंचाने की इस कंपनी के विजन को सपने में देखने और प्राप्त करने के लिए सभ मिलकर प्रयास करें।

नंड्री **वणक्कम** **जय हिंद**

****